वर्ष 28 अंक 244
पृष्ठ 20
बरेली, मंगलवार
16 मई 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

PAGE NO 01 : RIGHT SIDE

आधुनिक अन्नदाता प्रमाण पत्र वितरण समारोह आज

जागरण आधुनिक अन्नदाता

- श्री राममूर्ति इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में होगा आयोजन
- भाजपा के राष्ट्रीय संगठक हृदयनाथ होंगे मुख्य अतिथि
- केंद्रीय मंत्री कृष्णा राज, पूर्व मंत्री चिन्मयानंद भी रहेंगे

जागरण संवाददाता, बरेली : मिट्टी की सेहत संवारने को तैयार आधुनिक अन्नदाता मंगलवार को भव्य समारोह में प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे। समारोह का आयोजन राममूर्ति इंजीनियरिंग कॉलेज सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे से किया गया है। इसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत से आए प्रतिभागी शामिल होंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय संगठक, गोवंश विकास, पंचायती राज, नमामि गंगे और किसान मोर्चा के अध्यक्ष हृदयनाथ सिंह मौजूद रहेंगे।

दैनिक जागरण के सात सरोकारों से प्रेरित अभियान 'आधुनिक अन्नदाता' का शुभारंभ पिछले साल 27 नवंबर को आंवला तहसील से हुआ था। इस मुहिम में मंडल के किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवाओं को मिट्टी जांच का एक्सपर्ट बनाया। अब उन युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए जा रहे हैं, जिसके बाद वे अपने गांव में जाकर मिट्टी की जांच कर अपना व अन्य किसानों का उद्धार करेंगे। समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त दस लोगों को मृदा परीक्षण के लिए तैयार की गई एसटीएफआर मशीन वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री, भारत सरकार कृष्णा राज, पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद, बीएल एग्रो के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल, रिलायंस पॉवर रोजा के निदेशक वी प्रसाद, एसआरएमएस ट्रस्ट के देवमूर्ति, मंडलायुक्त पीवी जगनमोहन, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय सिंह और गैपशम के सीईओ सौरभ गौतम समेत तमाम प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी।

संबंधित खबर >> पेज 02